आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 15.08.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा नई शिक्षा नीति विकसित भारत के लिए उपलब्ध कराएगी श्रम शक्ति ।
- प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय खोले जाएंगे।
- राज्य के साहसी और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवान, पदक अलंकरण से हुये सम्मानित ।
- प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू, कई जिलों में बारिश का अनुमान ।

स्वतंत्रता दिवस देष

राष्ट्र आज अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को बधाई दी है। लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आज वो शुभ घडी है कि हम देश की आजादी के लिए प्राणों का त्याग करने वालों और आजीवन संघर्ष करने वालों को स्मरण करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश आकांक्षाओं से भरा है, नौजवान नई बुलंदी छूना चाहता है, इसलिए सरकार हर क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने, बुनियादी ढॉचे के निर्माण और नागरिकों का जीवन सरल बनाने के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व की कंपनियां देश में निवेश करने के लिए आगे आ रही हैं। यह देश के लिए बड़ा अवसर है। हम राज्यों से गुड गवर्नेंस का आह्वान कर रहे हैं जिससे निवेशकों में निवेश के लिए

विश्वास बढ़ेगा। राज्यों को निवेश के लिए अच्छा माहौल बनाने की आवश्यकता है। इसके लिए राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि नई शिक्षा नीति विकसित भारत के लिए श्रम शक्ति उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रयास कर रही है कि देशवासियों को शिक्षा के लिए बाहर न जाना पडे।

स्वतंत्रता दिवस प्रदेष

प्रदेश में 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार अगले 5 साल में प्रदेश का बजट दो गुना करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से 60 से अधिक नई इंडस्ट्रीज लगाई जा रही हैं। इनसे एक साल में 17 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर प्रदेश के स्थापना दिवस 1 नवंबर से 4 मिशन– युवा शक्ति मिशन, गरीब कल्याण मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किए जाएंगे। डा यादव ने बताया कि प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। श्रमिकों को ई–स्कूटर खरीदने के लिए 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खजुराहो में देश के पहले पारंपरिक कला वाले गुरुकुल की स्थापना होगी। वर्ष 2024–25 में 5 हजार 100 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और नवीनीकरण किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस जिला

स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने ध्वजारोहण किया। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा जबलपुर में आयोजित समारोह में झंडावंदन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने निर्वाचन सदन में ध्वजारोहण किया। जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने जनसम्पर्क संचालनालय में ध्वज फहराया। सागर में उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने परेड की सलामी लेकर ध्वजारोहण किया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने गुना में तिरंगा फहराया। सतना में आयोजित समारोह में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। देवास में कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंडला में कलेक्टर ने झंडावंदन कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। दतिया में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी ली। रायसेन में मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने राष्ट्र ध्वज फहराया। सीहोर में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण किया । धार जिला मुख्यालय पर कलेक्टर ने झंडावंदन किया।

एनपीएसएस–शिवराज

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के माध्यम से किसान विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों के बारे में जान सकेंगे और उनके हानिकारक प्रभाव से अपनी फसलों को बचा सकेंगे। इस अवसर पर श्री चौहान ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के कई लाभार्थी किसानों से बातचीत की।

पदक अलंकरण समारोह

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने आज भोपाल में अपने निवास पर आयोजित पदक अलंकरण समारोह में साहसी और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवानों को पदक अलंकरण से सम्मानित किया। इस अवसर मुख्यमंत्री डा यादव ने स्वतंत्रता दिवस को सबसे बड़ा त्यौहार बताया।

उन्होंने कहा कि वीरों की सेवा, समर्पण और देशभक्ति सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। यह सम्मान न केवल जवानों की अदम्य वीरता का प्रतीक है, बल्कि उन सभी पुलिसकर्मियों का सम्मान है, जो जन–जन की सुरक्षा और शांति के लिए सतत् सेवा में जुटे रहते हैं।

डिजिटल बस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से शैक्षिक डिजिटल बस का शुभारंभ किया । उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में डिजिटल बस छात्रों के लिये उपयोगी साबित होगी। राज्य शिक्षा केंद्र की सहयोगी संस्था एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित डिजिटल बस में 20 कम्प्यूटर के साथ इंटरनेट की सुविधा भी है। डिजिटल बस विद्यालयीन छात्रों को स्मार्ट शिक्षा कार्यक्रम के तहत विषय आधारित जानकारी उपलब्ध करायेगी। छात्रों को स्मार्ट शिक्षा प्रदान करने डिजिटल बस राजधानी भोपाल के चयनित विद्यालयों में निरंतर भ्रमण करेगी।

मौसम

प्रदेश में मानसून ट्रफ के गुजरने की वजह से एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश में कहीं तेज, तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। ग्वालियर–चंबल सभागों में बारिश होने का अनुमान है। इन संभागों के 10 जिलों में तेज पानी गिर सकता है। वहीं, इंदौर–उज्जैन में गरज–चमक की स्थिति रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, नॉर्थ–वेस्ट राजस्थान में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। यहीं से मानसून ट्रफ प्रदेष से होकर बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। 2 अन्य साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी एक्टिव हैं। इस वजह से प्रदेश में बारिश हो रही है।

समाचार संक्षेप में .....

- देवास जिले में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिला जेल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।
- रायसेन में बिभिषका दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन हो गया।
- शिवपुरी में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आज मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया । इस दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा नई शिक्षा नीति विकसित भारत के लिए उपलब्ध कराएगी श्रम शक्ति ।
- प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय खोले जाएंगे।
- राज्य के साहसी और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस जवान, पदक अलंकरण से हुये सम्मानित ।
- प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू, कई जिलों में बारिश का अनुमान

इस बुलेटिन में बस इतना ही, नमस्कार।

....................